Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding water logging problem of railway under bridge at Rajgarh, Madhya Pradesh.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदया, पिछले कुछ वर्षों से रेलवे क्रॉसिंग पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अंडरब्रिज बनाये गए हैं। ये अंडरब्रिज सैद्धांतिक रूप से सफल प्रतीत हो रहे हैं, किंतु व्यावहारिक तौर पर गंभीर समस्याओं को जन्म दे रहे हैं।

महोदया, योजना के तहत सर्वाधिक अंडरपास ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये गए हैं, जहाँ से पूरी ग्रामीण आबादी का आवागमन होता है, साथ ही खेतों में आने-जाने का प्रमुख रास्ता भी यही है। वर्षाकाल में इनमें जल भराव होने तथा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाता है। रात्रि में किसानों व ग्रामीणजनों के आवागमन में पानी का अनुमान नहीं लगने के कारण कई वाहन, गाड़ी, दो पहिया वाहन आदि डूब जाते हैं, गिर जाते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्यप्रदेश में अधिकांश अंडरपास की यही स्थिति बनी हुई है। जिनसे अधिकांश जगहों पर ग्रामीणजनों तथा जो विद्यार्थी पढ़ने के लिए जाते हैं, उनको भारी असुविधा हो रही है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि वर्षाकाल में अंडरपास से ग्रामीण क्षेत्र के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश प्रसारित करें, जिससे जनमानस विशेषकर ग्रामीणजनों व किसानों को राहत महसूस हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डॉ. मनोज राजोरिया,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री विनोद कुमार सोनकर,

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

श्री राजीव सातव,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री आलोक संजर,

श्री नागेन्द्र सिंह तथा

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रोड़मल नागर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।